राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी–3/1, अम्बेडकर भवन, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर
ई–मेलःadpension.sje@rajasthan.gov.in दूरमाषः 0141– 2740637

क्रमांकः एफ 09 (05)(12–II) सासुपे नियम/सान्याअवि/2014–15/8326 जयपुर दिनांक : 05-06-24

**आदेश**

राजस्थान सामाजिक सुरक्षा विशेष योग्यजन पेंशन नियम 2024 निम्नानुसार जारी किए जाते हैं:–

| (विद्यमान प्रावधान) | (संशोधित/अद्यतन प्रावधान) |
|---|---|
| **अध्याय 1**<br>**नियम–2. परिभाषाएं** | **अध्याय 1**<br>**नियम–2. परिभाषाएं** |
| (i) **सामाजिक सुरक्षा विशेष योग्यजन पेंशन** से अभिप्रेत है, विशेष योग्यजन पेंशन जो इन नियमों के अधीन किसी विशेष योग्यजन को स्वीकृत की जायें। | (i) **सामाजिक सुरक्षा विशेष योग्यजन पेंशन** से अभिप्रेत है, विशेष योग्यजन पेंशन जो इन नियमों के अधीन किसी विशेष योग्यजन को स्वीकृत की जायें। |
| (ii) **"मूल निवासी"** से अभिप्रेत है जो राजस्थान का मूल निवासी हो एवं राजस्थान में निवास कर रहा हो। | (ii) **"मूल निवासी"** से अभिप्रेत है जो राजस्थान का मूल निवासी हो एवं राजस्थान में निवास कर रहा हो। |
| (iii) **"आय"** से अभिप्रेरित है कि विशेष योग्यजन प्रार्थी की स्वयं एवं परिवार की सम्मिलित वार्षिक आय 60,000 रूपये तक हो।<br>परिवार की परिभाषा में निम्नांकित सदस्य सम्मिलित होंगे–<br>1. 18 वर्ष से कम आयु के विशेष योग्यजन के मामले में पिता एवं माता।<br>2. 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष योग्यजन के मामले में पति/पत्नि। | (iii) **"आय"** से अभिप्रेरित है कि विशेष योग्यजन प्रार्थी की स्वयं एवं परिवार की सम्मिलित वार्षिक आय 60,000 रूपये तक हो।<br>परिवार की परिभाषा में निम्नांकित सदस्य सम्मिलित होंगे–<br>1. 18 वर्ष से कम आयु के विशेष योग्यजन के मामले में पिता एवं माता।<br>2. 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष योग्यजन के मामले में पति/पत्नि (विवाहित होने की स्थिति में) |
| (iv) **"पेंशन राशि"** से अभिप्रेत सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत स्वीकृत मासिक भुगतान राशि से है जो निम्नानुसार है:–<br>**1.** 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर को रु. 750/– प्रतिमाह<br>**2.** 75 वर्ष व अधिक आयु के पेंशनर को रु. 1000/– प्रतिमाह | (iv) **"पेंशन राशि"** से अभिप्रेत **सरकार द्वारा योजनावार प्रतिमाह देय राशि से है** जिसके बारे में समय समय पर सरकार द्वारा आदेश जारी किए गए हो।<br>(परिपत्र क्रमांक फ.9(5)(12–II)सासुपे नियम/सान्यअवि/2021–22/7216 दिनांक 14.03.24)<br>**1.** 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर को रु. 1150/– प्रतिमाह<br>**2.** 75 वर्ष व अधिक आयु के पेंशनर को रु. 1250/– प्रतिमाह<br>**RajKaj Ref 7745577** |



Scanned with OKEN Scanner

(v) **"जांच अधिकारी"** ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों के लिए संबंधित तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार तथा शहरी क्षेत्र के आवेदनों के लिए संबंधित नगर निकाय में पदस्थापित मुख्य कार्यकारी अधिकारी/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी जांच अधिकारी होंगे।

(vii) **"स्वीकृतिकर्ता अधिकारी"** ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन हेतु संबंधित विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र के आवेदन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी अभिप्रेत है।

(viii) **"स्वीकृतिकर्ता अधिकारी"** शहरी क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में समिति

(ix) **"पेंशन आहरण एवं वितरण अधिकारी"** से सम्बन्धित कोष /उप कोष कार्यालय के कोषाधिकारी/उप कोषाधिकारी (पेंशन भुगतान अधिकारी)/उप कोषाधिकारी (सहायक पेंशन भुगतान अधिकारी)/अभिप्रेत है।

(x) **"जिला पेंशन स्वीकृति एवं वितरण अधिकारी"** से सम्बन्धित जिले का जिला कलेक्टर अभिप्रेत है।

**पेंशन राशि व पेंशन राशि में वृद्धि से अभिप्रेरित है— राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी अधिनियम, 2023 के अध्याय–4 (7)(2) में** उल्लेखित है कि संदाय पेंशन में वित्तीय वर्ष 2024–25 से आरंभ होने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष में **आधार दर पर पन्द्रह प्रतिशत** प्रतिवर्ष की दर से दो किस्तों में अर्थात जुलाई में पांच प्रतिशत और जनवरी में दस प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

नई पेंशन स्वीकृति की स्थिति में पेंशन स्वीकृत की दिनांक से न्यूनतम बारह माह पूर्ण होने से पूर्व ऐसे पेंशनर्स को पेंशन राशि में वृद्धि अनुमत नहीं है।

परन्तु यदि प्रार्थी राजस्थान सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य राज्य सरकार/स्थानीय निधि या किसी कानूनी निकाय, निगम, प्राइवेट निकाय/संस्था या अन्य स्त्रोत से पेंशन, निर्वाह भत्ता या अन्य कोई लाभ प्राप्त कर रहा हो तो वह उक्त वर्णित पेंशन या पूर्व में प्राप्त लाभ में से जो भी लाभदायक हो, पाने का अधिकारी होगा।

(v) **"जांच अधिकारी"** ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों के लिए संबंधित तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार तथा शहरी क्षेत्र के आवेदनों के लिए संबंधित नगर निकाय में पदस्थापित मुख्य कार्यकारी अधिकारी/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी जांच अधिकारी होंगे।

(vi) **"स्वीकृतिकर्ता अधिकारी"** ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन हेतु संबंधित विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र के आवेदन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी अभिप्रेत है।

(vii & viii) **"ऑनलाइन स्वीकृति"** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने वाले जनआधार पोर्टल पर परिवार के विभिन्न सदस्यों के सत्यापित मेटा डेटा के आधार पर **पेंशन योजना के आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा** एवं भविष्य में जनआधार पोर्टल पर संशोधन के उपरान्त पेंशन पोर्टल पर डाटा स्वतः ही अपडेट होगा। पेंशन पोर्टल पर आवेदक द्वारा सीधे ही किसी प्रकार का अपडेशन नहीं किया जाएगा।

(ix) **"पेंशन आहरण एवं वितरण अधिकारी"** से तात्पर्य निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर में पदस्थापित **अतिरिक्त निदेशक (पेंशन एवं पन्नाधाय) अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा**

Raj Kaj Ref
7745577

(xi) **"अपील अधिकारी"** से अभिप्रेत है जिला कलक्टर या उनका प्रतिनिधि जो कि अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहरी क्षेत्र के लिए) /मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ग्रामीण क्षेत्र के लिए) से कम स्तर का नहीं हो।

**नामित निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर के अन्य प्राधिकारी** से है।

(x) **"जिला पेंशन स्वीकृति अधिकारी"** से सम्बन्धित जिले का जिला कलक्टर अभिप्रेत है।

(xi) **"अपील अधिकारी"** से अभिप्रेत है जिला कलक्टर या उनका प्रतिनिधि जो अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहरी क्षेत्र के लिए)/मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ग्रामीण क्षेत्र के लिए) से कम स्तर का नहीं हो।

(xii) **"पेंशन पोर्टल"** से अभिप्रेत विभाग द्वारा संचालित किया जाने वाला ऑनलाइन पोर्टल (http://SSP.Rajasthan.gov.in) से है।

(xiii) **"मेटा डेटा"** से अभिप्रेत राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने वाले **जनआधार पोर्टल पर परिवार के विभिन्न सदस्यों के सत्यापित डेटा** से है जिसके आधार पर पेंशन योजना के आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा एवं भविष्य में जनआधार पोर्टल पर संशोधन के उपरान्त पेंशन पोर्टल पर डाटा स्वतः ही अपडेट होगा। पेंशन पोर्टल पर आवेदक द्वारा सीधे ही किसी प्रकार का अपडेशन नहीं किया जाएगा।

(xiv) **"ई–मित्र कियोस्क"** से अभिप्रेत राज्य सरकार के माध्यम से संचालित किए जाने वाले कॉमन सर्विस सेन्टर है जिनके माध्यम से पेंशन योजनाओं के आवेदक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अन्य सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।

(xv) **"एसएसओ आईडी"** से अभिप्रेत राज्य सरकार द्वारा संचालित एसएसओ पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर आईडी बना कर राज्य सरकार द्वारा अनुमत होने पर उसके माध्यम से पेंशन पोर्टल पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से है।

(xvi) **"जनआधार क्रमांक"** से अभिप्रेत जनआधार

RajKaj Ref
7745577



Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | पोर्टल पर परिवार के पंजीकरण के उपरान्त जारी किए जाने वाले परिवार के क्रमांक से है। इसके माध्यम से पेंशन योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।<br><br>(xvii) **"आधार क्रमांक"** से अभिप्रेत भारत सरकार के माध्यम से जारी किए जाने वाले व्यक्तिगत क्रमांक से है। इसके माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन के उपरान्त ही पेंशन योजनाओं के लिए किसी आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।<br><br>(xviii) **"पोस्ट ऑडिट"** से अभिप्रेत उस प्रक्रिया से है जिसमें ऑनलाइन प्राप्त स्वतः स्वीकृत आवेदन पत्रों में से कुछ आवेदन पत्रों को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी को प्रदर्शित किया जाएगा, उनके द्वारा ऐसे आवेदकों की जांच कर यह सत्यापित करना होगा कि आवेदक का जनआधार पोर्टल से प्राप्त विवरण सही है अथवा नहीं। यदि वह विवरण सही नहीं है और आवेदक पेंशन का पात्र नहीं है तो ऐसे आवेदन पत्रों को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा निरस्त किया जाकर नियमानुसार भुगतान की गई राशि की वसूली की कार्यवाही करनी होगी। (परिपत्र क्रमांक प. 9(5)(12–II)सासुपे नियम/सान्यअवि/2021–22/64 दिनांक 29.7.22)<br><br>(xix) **"स्वतः स्वीकृति (Auto Approval)"** से तात्पर्य ऐसे समस्त आवेदक जिनके द्वारा 2 अक्टूबर, 2021 के पश्चात् जनआधार पोर्टल पर आयु, बैंक विवरण आदि में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करवाया गया है उनके आवेदन पत्रों को स्वतः स्वीकृत किया जाएगा।(परिपत्र क्रमांक प.9(5)(12–II)सासुपे नियम/सान्यअवि/ 2021–22/ 64 दिनांक 29.7.22)<br><br>(xix) **"डीम्ड एप्रुवल (Deemed Approval)"** से तात्पर्य ऐसे पेंशन आवेदनों की अस्थाई स्वीकृति से है, जिनका भुगतान प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा जिनकी पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा 15 दिवस की अवधि में स्थाई स्वीकृति अथवा अस्वीकृति जारी की जाएगी। (परिपत्र क्रमांक प.9(5)(12–II)सासुपे नियम/सान्यअवि/ |

RajKaj Ref
7745577



Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | 2021–22/64 दिनांक 29.7.22) |
| **अध्याय 2**<br>**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं हेतु पात्रता**<br>**नियम–3 – विशेष योग्यजन हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन**<br>3.1 किसी भी आयु का विशेष योग्यजन व्यक्ति जो अन्धता, अल्प दृष्टि, चलन निःशक्तता, कुष्ठ रोग मुक्त, श्रवण शक्ति का ह्रास, मानसिक मंदता, मानसिक रोगी में से किसी एक अथवा अधिक विकलांगता (40 प्रतिशत एवं अधिक विकलांगता) से ग्रसित हो जो राजस्थान का मूल निवासी हो और राजस्थान में रह रहा हो, एवं<br>3.1.1 जिसकी स्वयं एवं परिवार की सम्मिलित वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) ग्रामीण क्षेत्र में रुपये 48,000/– तक एवं शहरी क्षेत्र में रुपये 60,000/– तक हो या<br>3.1.2 वह किसी ऐसे परिवार का सदस्य हो जिसका चयन ग्रामीण विकास विभाग या नगरीय शासन विभाग के अधीन किए गए सर्वेक्षण में गरीबी रेखा की सीमा से नीचे के परिवार (केन्द्रीय बी.पी.एल./ राज्य बी.पी.एल) में या अन्त्योदय परिवार में किया गया है, या वह आस्था कार्डधारी परिवार का सदस्य है या वह सहरिया/ कथौडी/ खैरवा जाति का हो, पेंशन का पात्र होगा।<br>**अध्याय 3**<br>अध्याय – 3– **विशेष योग्यजन पेंशन हेतु आवेदन, स्वीकृति, सत्यापन, अपील एवं पुनरीक्षण की प्रक्रिया**<br>**नियम–5. आवेदन प्रस्तुत करने एवं पेंशन स्वीकृत करने की ऑन–लाइन प्रक्रिया**<br>(i) आवेदक को किसी भी ई–मित्र कियोस्क/**राजीव गांधी सेवा केन्द्र** या स्वयं के SSO (Single Sign On) | **अध्याय 2**<br>**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं हेतु पात्रता**<br>**नियम–3 – विशेष योग्यजन हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन**<br>3.1 किसी भी आयु का विशेष योग्यजन व्यक्ति जो 1. गति विषयक दिव्यांगता, 2. कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति, 3. प्रमस्तिष्क घात, 4. बौनापन, 5. पेशीय दुष्पोषण, 6. तेजाबी आक्रमण पीड़ित, 7. अंधता, 8. निम्नदृष्टि, 9. श्रवण शक्ति का ह्रास, 10. वाक् एवं भाष दिव्यांगता, 11. बौद्धिक दिव्यांगता, 12. विनिर्दिष्ट विद्या दिव्यांगताएं, 13. स्वपरायणता स्पैक्ट्रम विकास, 14. मानसिक रूग्णता, 15. चिरकारी तंत्रिका दशाएं, 16. बहु–स्केलेरोसिस, 17. पार्किंसन रोग, 18. हेमोफीलिया, 19. थेलेसीमिया, 20. सिक्कल कोशिका रोग, 21. बहु दिव्यांगताएं से ग्रसित हो (आदेश क्रमांक एफ.9(05)(12–I) सासुपे नियम/सान्याअवि/ 2021–22/ 6178 दिनांक 12.10. 2021), तथा **इनका अंकन आवेदक के जनाधार में होना आवश्यक है।** आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो और राजस्थान में रह रहा हो,<br>3.2.1 किसी भी आयु का व्यक्ति, जो प्राकृतिक रूप से ट्रांसजेण्डर से ग्रसित हो, एवं नियम 5.2.3 में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र धारक हो, राजस्थान का मूल निवासी हो एवं राजस्थान में रह रहा हो तथा जिसकी स्वयं की सम्मिलित वार्षिक **आय (समस्त स्त्रोतों से) रूपये 60,000/– से कम** हो वह नियमानुसार पेंशन पाने का पात्र होगा।<br>3.2.2 वह किसी ऐसे परिवार का सदस्य हो जिसका चयन, ग्रामीण विकास विभाग या नगरीय शासन विभाग के अधीन किए गए सर्वेक्षण में, गरीबी की रेखा की सीमा से नीचे के परिवार (केन्द्रीय बी.पी.एल./राज्य बी.पी.एल.) में या अन्त्योदय परिवार में किया गया है, या वह आस्था कार्डधारी परिवार का सदस्य है या वह सहरिया/ कथौडी/खैरवा जाति का हो, पेंशन का पात्र होगा।<br>**अध्याय 3**<br>**विशेष योग्यजन पेंशन हेतु आवेदन स्वीकृति, सत्यापन, अपील एवं पुनरीक्षण की प्रक्रिया** (परिपत्र संख्या एफ.09 (05) (12–II) सासुपे नियम/सान्याअवि/ 2021–22/ 4542 दिनांक 1.10.2021; परिपत्र संख्या एफ.09 (05) |

Raj Kishor 7745577



Scanned with OKEN Scanner

ID के माध्यम से निर्धारित प्रारूप एसएसपी I (SSP I) में rajssp पोर्टल पर ऑन–लाइन आवेदन करना होगा। आवेदक का **<u>राजस्थान जन–आधार क्रमांक/राजस्थान जन– आधार पंजीकरण संख्या</u>** एवं आधार क्रमांक को उपलब्ध कराना/भरना अनिवार्य होगा, इनके अभाव में आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा। **<u>राजस्थान जन–आधार</u>** एवं आधार कार्ड में अंकित आवेदक का व्यक्तिगत विवरण फिंगर प्रिन्ट प्रमाणीकरण/वन टाइम पासवर्ड (OTP) के पश्चात निर्धारित पेंशन आवेदन पत्र में स्वतः ही अंकित हो जाएगा, इसके अतिरिक्त अन्य वांछित विवरण आवेदन पत्र में अंकित करने के पश्चात उक्त आवेदन पत्र को वेबपोर्टल के माध्यम से ऑन–लाइन प्रस्तुत (Submit) करने पर आवेदन पत्र स्वतः ही सम्बन्धित जांच अधिकारी को अग्रेषित हो जाएगा। आवेदन पत्र को ज़ांच अधिकारी को अग्रेषित किए जाने की सूचना आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड कराए गए मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. (SMS) द्वारा दी जाएगी।

(ii) विहित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ ऑन–लाइन आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर, जांच अधिकारी के स्तर पर रजिस्टर एस.एस.पी. II (SSP-II) के प्रारूप में रिपोर्ट ऑन–लाइन सम्बन्धित जांच अधिकारी के लॉग–इन पर प्रदर्शित होगी।

(iii) जांच अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए दस्तावेजों एवं प्रस्तुत की गई अन्य सूचनाओं के आधार पर आवेदक की जन्म तिथि, आयु, अधिवास, निवास स्थान और आय या आजीविका के स्त्रोत एवं नियमों में वर्णित अन्य पात्रता की जांच करेगा। जांच अधिकारी आवेदन पत्र की जांच एवं सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के पश्चात अपनी सिफारिश के साथ स्वीकृतकर्ता अधिकारी (सम्बन्धित विकास अधिकारी/उपखण्ड अधिकारी ) को वैब पोर्टल के माध्यम से ऑन–लाइन प्रेषित करेगा।

(iv) राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारण्टी अधिनियम 2011 के तहत जांच अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र की जांच एवं सत्यापन का कार्य आवेदन पत्र की प्राप्ति के अधिकतम 30 दिवस की अवधि के भीतर पूरा किया जाना आवश्यक है। जांच अधिकारी/सत्यापनकर्ता अधिकारी का निर्धारित

(12–II) सासुपे नियम/सान्याअवि/ 2021–22/ 64 दिनांक 29.07.2021, **मोबाइल एप्प संबंधी परिपत्र** एफ. 9(5)(14)पेंशन पोर्टल/सान्यअवि/ 2021–22/3554 दिनांक 28.4.23)

**नियम–4 <u>आवेदन प्रस्तुत करने एवं पेंशन स्वीकृत करने की ऑन–लाइन प्रक्रिया</u>**

4.1 आवेदक को किसी भी ई–मित्र कियोस्क/राजीव गांधी सेवा केन्द्र / **मोबाईल ऐप के माध्यम से पेंशन पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन** फॉर्म में आवेदन करना होगा। आवेदक को जन आधार क्रमांक को उपलब्ध कराना/भरना अनिवार्य होगा, इनके अभाव में आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। जन आधार कार्ड में अंकित आवेदक का व्यक्तिगत विवरण, आवेदक के जनआधार से जुडे आधार कार्ड से बायोमैट्रिक सत्यापन के पश्चात पेंशन आवेदन पत्र में स्वतः ही अंकित हो जायेगा। उक्त **आवेदन पत्र को वेबपोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्तुत (Submit) करने पर पेंशन पोर्टल पर बिना मानवीय हस्तक्षेप (without Human Intervention) आवेदक के जन आधार कार्ड में उपलब्ध विवरण (जनआधार डेटाबेस में उपलब्ध सूचना) के आधार पर पात्र पाए जाने पर स्वतः सत्यापन कर स्वतः स्वीकृति जारी की जाएगी।** आवेदन पत्र के स्वीकृति की सूचना आवेदक द्वारा जन आधार कार्ड के साथ उपलब्ध करवाए गए मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. (SMS) द्वारा दी जायेगी।

4.2 उक्त प्रक्रिया के तहत प्राप्त विभिन्न आवेदन पत्रों में से ऐसे आवेदन पत्र जिनका **दिनांक 02.10.2021 के पश्चात जनाधार में परिवर्तन करवाया गया है ऐसे आवेदन पत्र सत्यापन कर्ता अधिकारी को अग्रेषित हो जायेगें ऐसे आवेदन पत्रों को सत्यापन कर्ता अधिकारी सत्यापित अथवा निरस्त करना होगा।** यदि **30 दिनों** में उनके द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को सत्यापित अथवा निरस्त नहीं किया जाता है तो ऐसे आवेदन स्वतः सत्यापित हो कर स्वीकृति कर्ता अधिकारी को अग्रेषित हो जाएगें।

स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को आगामी 15 दिनों में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किया जाना होगा, अन्यथा ऐसे आवेदन

Rajkumar
7745577



Scanned with OKEN Scanner

समयावधि–30 दिवस से 07 दिवस पूर्व **राजस्थान जन–आधार सिस्टम** से ई–संचार के माध्यम से एस.एम.एस.– *"(....नाम...) का आवेदन क्रमांक (..................) की जांच अवधि दिनांक (...........) को समाप्त हो रही है, उसके बाद यह आवेदन स्वतः सत्यापित होकर अग्रेषित हो जाएगा, इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी"*– द्वारा सन्देश भिजवाया जाकर विलम्बित आवेदन पत्रों को सत्यापित/जांच किये जाने हेतु सूचित किया जाएगा। यदि जांच अधिकारी/सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा नियमों में निर्धारित समयावधि (30 दिवस) में नियमानुसार वांछित कार्रवाई नहीं की जाती है तो ऐसा लम्बित आवेदन पत्र स्वतः ही जांच अधिकारी द्वारा "जांच किया गया"/"सत्यापित किया गया" माना जाकर rajssp पोर्टल सिस्टम से सम्बन्धित स्वीकृतकर्ता अधिकारी को स्वतः अग्रेषित हो जाएगा। ऐसे स्वतः अग्रेषित प्रकरणों में यदि किन्ही अपात्र व्यक्तियों का आवेदन पत्र सत्यापित/जांच हो जाने पर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा पेंशन स्वीकृत कर दी जाती है तो ऐसे पेंशन स्वीकृत किये जाने एवं भुगतान के प्रकरणों के लिए सम्बन्धित जांच अधिकारी/सत्यापनकर्ता अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। स्वतः अग्रेषित आवेदन पत्र स्वीकृतकर्ता अधिकारी को पृथक से प्रदर्शित होगे।

(v) ऑन–लाइन आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त स्वीकृतकर्ता अधिकारी प्रत्येक आवेदन पर सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात या तो प्रारूप एस.एस.पी. I (SSP-I) के भाग III में पेंशन की स्वीकृति या दावे की अस्वीकृति सम्बन्धी आदेश वैब पोर्टल के माध्यम से ऑन–लाइन पारित करेगा। स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा स्वीकृति के आदेश डिजीटल हस्ताक्षर अथवा आधार आधारित **ई–हस्ताक्षर द्वारा इस हेतु बनाए गए आहरण एवं वितरण अधिकारी** के नाम जारी किये जाएंगे। पेंशन दावा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत होने की स्थिति में स्वीकृतकर्ता अधिकारी के स्तर से आवेदक को उसके रजिस्टर्ड मोबाइल पर एस.एम.एस. (SMS) द्वारा सूचना प्रेषित की जाएगी। पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑन–लाइन स्वीकृति आदेश जारी किए जाने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा की आवेदक को पेंशन की स्वीकृति नियमानुसार ही जारी की गई है। स्वीकृतकर्ता अधिकारी लॉग–इन द्वारा स्वतः स्वीकृत हो जाएगें। स्वतः स्वीकृत आवेदनों का भुगतान तब तक प्रारम्भ नही होगा जब तक कि पेंशन स्वीकृति कर्ता अधिकारी द्वारा पोस्ट ऑडिट का कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है। यदि पेंशन स्वीकृति के 45 दिनों में पोस्ट ऑडिट संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा नहीं की जाती है तो पेंशनर को पेंशन राशि का भुगतान पेंशन स्वीकृति की दिनांक से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। भविष्य में यदि ऐसा पेंशनर किसी कारण से अपात्र पाया जाता है तो इसके लिए संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी व्यक्तिशः जिम्मेदार होगें।

ऑनलाईन स्वीकृत होने वाले आवेदन पत्रों के सन्दर्भ में एक सिस्टम जनरेटेड स्वीकृति आदेश पेंशनर के जनाधार से जुड़े ई–वॉल्ट पर उपलब्ध होगा।

4.3 ऑनलाईन पेंशन स्वीकृति आदेश को ही पेंशन भुगतान आदेश माना जायेगा। उक्त पेंशन भुगतान आदेश को पेंशनर के जनआधार पर ई–वॉल्ट में संधारित किया जाएगा, जिसे पेंशनर के द्वारा किसी भी समय प्राप्त किया जा सकता है। ऑनलाईन पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त होने पर आहरण एवं वितरण अधिकारी– अतिरिक्त निदेशक (पेंशन एवं पन्नाधाय), निदेशालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर द्वारा पेंशन भुगतान करने की कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। पेंशन भुगतान आदेश जारी किये जाने अथवा पोस्ट ऑडिट पूर्ण होने (दोनों में से जो भी बाद में हो) पर पेंशनर को पेंशन भुगतान से सम्बन्धित कार्य राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम–2011 के तहत 30 दिवस की अवधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

## नियम 5 –पेंशन स्वीकृति

5.1 किसी व्यक्ति को इन नियमों के अधीन पेंशन गुणावगुण के आधार पर देय होगी, जिसकी सिस्टम आधारित स्वतः स्वीकृति जारी होगी। उक्त सिस्टम आधारित स्वीकृत प्रकरणों को स्वीकृतिकर्ता अधिकारी पोस्ट ऑडिट के दौरान यदि उचित नहीं मानता है, उसमें निरस्तीकरण का कारण अभिलिखित करते हुए निरस्त करना होगा तथा जिन प्रकरणों में स्वीकृत पेंशन को निरस्त करने का निर्णय लिया जाता है, उसमें संबंधित व्यक्ति से इन नियमों में निर्धारित

RajKaj Ref 7746677



Scanned with OKEN Scanner

ऑन–लाइन स्वीकृति जारी करने हेतु यूजर लॉग–इन या पासवर्ड का स्वयं उपयोग किया जाएगा तथा पासवर्ड किसी के साथ शेयर नही किया जाएगा। यदि यूजर लॉग–इन या पासवर्ड का दुरूपयोग होता है तो पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी स्वयं उत्तरदाई होगा। पेंशनर एवं जांच अधिकारी को जारी की जाने वाली हार्डकॉपी ऑन–लाइन जारी स्वीकृति के अनुरूप होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नही होना चाहिए। ऑन–लाइन जारी स्वीकृति के आदेशों के सम्पूर्ण तथ्यों एवं उसके नियमानुसार शुद्धता का सम्पूर्ण दायित्व पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी का है।

**राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारण्टी अधिनियम 2011 के तहत** पेंशन दावा स्वीकृति अथवा अस्वीकृति से सम्बन्धित कार्य 15 दिवस की अवधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

**स्वीकृतकर्ता अधिकारी को निर्धारित अवधि 15 दिवस से 07 दिवस पूर्व एसएमएस– "**(...नाम....) का आवेदन क्रमांक (......................) की स्वीकृत अवधि दिनांक (..........) को समाप्त हो रही है, उसके बाद यह आवेदन पत्र स्वतः ही स्वीकृत होकर भुगतान कार्रवाई हेतु अग्रेषित हो जाएगा, इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी"– द्वारा संदेश भिजवाया जाकर विलम्बित आवेदन पत्रों को नियमानुसार स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किए जाने हेतु अवगत करवाया जाएगा। यदि स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा नियमों में निर्धारित अवधि (15 दिवस) में नियमानुसार वांछित कारवाई नहीं की जाती है तो ऐसे लम्बित आवेदन पत्र स्वत: ही स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किए गए/स्वीकृत किए गए, माना जाकर rajssp पोर्टल सिस्टम से सम्बन्धित <u>आहरण एवं वितरण अधिकारी</u> को पेंशन भुगतान की कारवाई हेतु अग्रेषित हो जाएगा। ऐसे स्वतः ऑन–लाइन जारी स्वीकृति के अग्रेषित प्रकरणों के सम्पूर्ण तथ्यों एवं उसके नियमानुसार शुद्धता का सम्पूर्ण दायित्व पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी का ही होगा। स्वतः स्वीकृत आवेदन पत्र <u>आहरण एवं वितरण अधिकारी</u> को पृथक से प्रदर्शित होगे।

**प्रावधानों के अनुसार पेंशन स्वीकृति कर्ता अधिकारी द्वारा वसूली भी की जाएगी।**

5.2 यदि कोई पेंशनर, पेंशन पोर्टल द्वारा पेंशन अस्वीकृत किए जाने से असंतुष्ट है तो उसके द्वारा कभी भी तत्सम्बन्धी अपील सम्बन्धित जिला कलेक्टर को ऑन–लाइन की जा सकेगी। जिला कलेक्टर द्वारा ऐसी अपील का निस्तारण 15 दिवस में आवश्यक रूप से किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा अपील में किए गए निर्णय को आवश्यक समझे जाने पर गुणावगुण के आधार पर पुनरावलोकन (रिव्यू) का अधिकार राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को होगा। राज्य सरकार का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

5.3 **यदि किसी पेंशनर के बैंक के नाम अथवा बैंक खाता संख्या अथवा उसके आई.एफ.एस.सी. (IFSC) कोड में त्रुटि होने के कारण आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पारित पेंशन बिल में बैंक द्वारा पेंशन भुगतान लौटा दिया जाता है, तो पेंशन पोर्टल पर भुगतान वापसी की दशा में ऐसे पेंशनर को पेंशन का भुगतान उस पेंशनर द्वारा राजस्थान जन–आधार पोर्टल पर तत्सम्बन्धी सूचना अद्यतन (Updated) करवाने एवं इस अद्यतन (Updated) सूचना के आधार पर पेंशन पोर्टल पर सूचना स्वतः अद्यतन (Updated) होने के उपरान्त किया जाएगा।**

5.4 राज्य सरकार द्वारा आपवादिक परिस्थितियों में किसी व्यक्ति को इन नियमों के अधीन, विहित शर्तो को शिथिल करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की जा सकेगी।

**नियम 6 –पेंशन की वैधता**

6.1 **पेंशनर के जीवित रहने तक,**

6.2 **पेंशनर की स्वयं की वार्षिक आय 60,000/– रूपए से कम होने तक, (प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन के समय घोषणा)**

6.3 **विधवा/परित्यक्ता/ तलाकशुदा के मामले में पुर्नविवाह ना करने तक,**

6.4 **परिवार के सदस्य यथा पति/पत्नी, पुत्र/पुत्रवधु या स्वयं का सरकारी सेवा में कार्यरत अथवा उनका पेंशनर न होने तक**

6.5 **पेंशनर के राजस्थान में निवास करने तक होगी।**

6.6 **यदि पेंशन की पात्रता BPL है तो ऐसे प्रकरणों में**

RajKaj Ref 7745577



Scanned with OKEN Scanner

स्वीकृतकर्ता अधिकारी के स्तर पर स्वतः सत्यापित/स्वीकृत हुए आवेदन पत्र के अनुसार भुगतान किए गए पेंशन प्रकरणों की पोस्ट-ऑडिट/सत्यापन हेतु 60 दिवस का समय स्वीकृतकर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी) को प्रदत किया जाता है। इस अवधि में स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा स्वतः सत्यापित/स्वीकृत अग्रेषित होकर निस्तारित पेंशन भुगतान के प्रकरणों की जांच एवं जांच में भुगतान गलत/ अनियमित पाए जाने पर ऐसे पेंशन प्रकरणों को निरस्त करते हुए, इन प्रकरणों में किए गए गलत भुगतान के संबंध में संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर अनियमित भुगतान की गई राशि की वसूली ऐसे अपात्र लाभार्थी से किए जाने की कार्रवाई की जा सकेगी।

(vi) ऑन-लाइन पेंशन स्वीकृति आदेश को ही पेंशन भुगतान आदेश माना जाएगा। ऑन-लाइन पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त होने पर सम्बन्धित **आहरण एवं वितरण अधिकारी** द्वारा पेंशन भुगतान करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। पेंशन भुगतान आदेश जारी किए जाने एवं पेंशनर को पेंशन भुगतान से सम्बन्धित कार्य राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम-2011 के तहत 45 दिवस की अवधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

(य) यदि किसी पेंशनर के बैंक के नाम अथवा बैंक खाता संख्या अथवा उसके आई.एफ.एस.सी. (IFSC) कोड में त्रुटि होने के कारण आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पारित पेंशन बिल में से किसी पेंशनर/पेंशनर्स की राशि बैंक द्वारा लौटा दी जाती है, और पेंशन पोर्टल पर भुगतान वापसी दर्शाई जाती है तो इस दशा में ऐसे पेंशनर को पेंशन का भुगतान उस पेंशनर द्वारा राजस्थान जन-आधार पोर्टल पर तत्सम्बन्धी सूचना अद्यतन (Updated) करवाने एवं इस अद्यतन (Updated) सूचना के आधार पर Rajssp पोर्टल पर सूचना स्वतः अद्यतन (Updated) होने के उपरान्त किया जाएगा।

**नियम-9. पेंशन की समाप्ति :-**

परिवार के BPL रहने तक।

**नियम 7 – पेंशन का प्रारम्भ**

**7.1 पेंशन स्वीकृति जारी किए जाने के माह की प्रथम तारीख से संदेय होगी।**

**नियम 8 –पेंशन की समाप्ति**

8.1.1 पेंशन, पेंशनर की मृत्यु की तारीख को समाप्त हो जाएगी। मृत्यु की तारीख तक देय पेंशन, जो आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा आहरित नहीं की गई है, व्यपगत हो जाएगी। पेंशनर की मृत्यु उपरांत भुगतान की गई पेंशन राशि की वसूली की गणना पेंशनर की मृत्यु जिस माह में हुई है, उस माह की प्रथम तारीख से की जाएगी।

8.1.2 सामाजिक सुरक्षा पेंशनर की मृत्यु की सूचना समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पेंशनर के मृत्यु की दिनांक तक की आहरित पेंशन राशि जो पेंशनर के बैंक खाते में जमा हो चुकी है, का भुगतान पेंशनर के विधिक उत्तराधिकारी को किया

RajKaj Ref 7745577

(i) पेंशन, पेंशनर की मृत्यु की तारीख को समाप्त हो जाएगी। मृत्यु की तारीख तक देय पेंशन, जो **आहरण एवं वितरण अधिकारी** द्वारा आहरित नहीं की गई है, अथवा जिसका पेंशनर को भुगतान नहीं किया गया है, व्यपगत हो जाएगी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशनर की मृत्यु की सूचना समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पेंशनर के मृत्यु की दिनांक तक की पेंशन राशि का भुगतान पेंशनर के विधिक उत्तराधिकारी को किया जाएगा तथा मृत्यु की दिनांक के बाद की जमा पेंशन राशि बैंक द्वारा कोष कार्यालय को लौटा दी जाएगी ताकि उनके द्वारा राजकोष में राशि जमा कराई जा सके।

(ii) पेंशनर के राजस्थान से बाहर स्थाई या अस्थाई रूप से प्रवास की दशा में पेंशन साधारणतः समाप्त (बन्द) हो जाएगी। पेंशनर के राजस्थान लौटने पर **सम्बन्धित स्वीकृतकर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी)** के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने **पर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऐसे पेंशनर्स का ऑन–लाइन भौतिक सत्यापन के उपरान्त उन पेंशनर्स के भौतिक सत्यापन की तारीख से पेंशन का संदाय करने हेतु प्रकरण आहरण–वितरण अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। तदुपरान्त भौतिक सत्यापन की तारीख से पुनः पेंशन का संदाय पुनः प्रारम्भ किया जा सकेगा** लेकिन उसके राजस्थान से बाहर रहने की अवधि के लिए प्रोद्भूत पेंशन की बकाया राशि संदेय नहीं होगी।

जाएगा तथा **मृत्यु की दिनांक के बाद की जमा पेंशन राशि बैंक द्वारा आहरण एवं वितरण अधिकारी (अतिरिक्त निदेशक (पेंशन एवं पन्नाधाय), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर) अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी को लौटा दी जाएगी ताकि उनके द्वारा राजकोष में राशि जमा कराई जा सके।**

8.1.3 पेंशनर की मृत्यु की स्थिति में पेंशन निरस्तीकरण आदेश संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा जिसमें पेंशनर द्वारा जमा करवाई जाने वाली राशि (यदि कोई है तो) भी अंकित होगी।

8.2 पेंशनर के राजस्थान से बाहर स्थाई या अस्थाई रूप से प्रवास की दशा में पेंशन साधारणतः समाप्त (बन्द) हो जाएगी। पेंशनर के राजस्थान लौटने पर **सम्बन्धित स्वीकृतकर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी)** के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने पर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऐसे पेंशनर्स का ऑन–लाइन भौतिक सत्यापन के उपरान्त उन पेंशनर्स के भौतिक सत्यापन की तारीख से पेंशन का संदाय करने हेतु प्रकरण आहरण–वितरण अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। तदुपरान्त भौतिक सत्यापन की तारीख से पुनः पेंशन का संदाय पुनः प्रारम्भ किया जा सकेगा, लेकिन उसके राजस्थान से बाहर रहने की अवधि के लिए प्रोद्भूत पेंशन की बकाया राशि संदेय नहीं होगी।

8.3.1 **यदि किसी जनआधार परिवार के तीन सदस्यों से अधिक द्वारा पेंशन योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाता है तो ऐसी स्थिति में तीसरे एवं उससे बाद वाले सदस्यों की पेंशन स्वतः स्वीकृत नहीं होकर संबंधित सत्यापनकर्ता अधिकारी को प्रदर्शित होगी उनके द्वारा 30 दिवस में जांच कर ऐसे आवेदन पत्रों को सत्यापित अथवा निरस्त करना होगा अन्यथा ऐसे आवेदन पत्र स्वतः सत्यापित हो जाएगें।**

8.3.2 **तत्पश्चात् संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी को 15 दिवस में ऐसे आवेदन पत्रों को स्वीकृत अथवा निरस्त करना होगा अन्यथा ऐसे आवेदन पत्र स्वतः स्वीकृत हो जाएगें।**

**8.3.3 स्वतः सत्यापित एवं स्वीकृत आवेदन पत्रों के लिए संबंधित सत्यापनकर्ता अधिकारी अथवा स्वीकृतिकर्ता अधिकारी जिम्मेदार होगें।**

RajKaj Ref
7745577



Scanned with OKEN Scanner

**नियम–10. पेंशन की बकाया का संदाय :–**

(क) यदि पेंशन की राशि **तीन वर्ष** से अधिक की अवधि तक आहरित नहीं की जाती है तो पेंशन राशि की कोई बकाया का भुगतान संदेय नहीं होगा तथापि, ऐसे मामलों में सम्बन्धित **स्वीकृतकर्ता अधिकारी** पेंशन संदाय आदेश को नवीनीकृत करने के लिये सक्षम होगा।

